हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 30 जनवरी 2024

04 परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रमः पीएम मोदी ने बच्चों को ...



07 सतपाल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता...





### एसटीएफएस मप्र व वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई

# अंतरराष्ट्रीय गिरोह का 8 वर्षों से फरार तस्कर शेरपा नेपाल बार्डर से पकड़ाया

एसटीएफएस मप्र एवं वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल एवं नेपाल सीमा पर दार्जिलिंग से 8 वर्षों से फरार अंतर्राष्ट्रीय तस्कर ताशी शेरपा को गिरफ्तार कर नर्मदापुरम न्यायालय में पेश किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाईगर रिजर्व में बाघ का शिकार करने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के फरार तस्कर ताशी शेरपा को सोमवार मप्र स्टेट टाइगर फोर्स (एसटीएसएफ) ने न्यायालय में पेश करने के लिए नर्मदापुरम लेकर पहुंची। आरोपी तस्कर ताशी को भारत-नेपाल सीमा से 24 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। वन्य प्राणी अव्यवों की तस्करी के आरोपी को नेपाल सीमा से एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किया है। जिसकी जानकारी मप्र कार्यालय प्रधान मुख्य वन्य प्राणी द्वारा जारी प्रेसनोट में दी गई है। स्टेट टाईगर स्ट्राइक फोर्स मप्र एवं वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल एवं नेपाल की सीमा पर दार्जिलिंग जिले से वन्य प्राणी बाघ एवं पैंगोलिन के अवैध व्यापार में विगत 8 वर्षों से आरोपी फरार था।

#### गश्ती दल की नजर पड़ी थी

आरोपी स्टेट टाईगर स्ट्राइक फोर्स के अंतर्गत दर्ज प्रकरण में फरार था। उक्त आरोपी 13 जुलाई 2015 को सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के वन्य परिक्षेत्र कामती-चूरना के शासकीय जंगल कोर क्षेत्र में महावत मनीराम एवं गन्नूलाल ने गश्ती के दौरान 8 से 10 व्यक्तियों को वन्य परिक्षेत्र में अवैध प्रवेश करते देखा था जिसकी सूचना उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों को दी थी। आरोपियों का पीछा किया गया, परंतु वह जंगल में भाग निकले थे। उसके बाद आरोपियों की शिनाख्त के लिए उनके पद चिन्हों का पीछा कर एवं घटना स्थल पर तलाशी लेने के बाद वन्य प्राणी पैंगोलिन की खोपड़ियां और चाकू व बाघ की एक खाल मौके से जप्त की थी। स्टेट टाईगर स्ट्राइक फोर्स के दर्ज प्रकरण में 13 जुलाई 2015 से फरार आरोपी के विरूद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। प्रकरण में 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिन्हें नर्मदापुरम न्यायालय के द्वारा 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 7 लाख 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड का आदेश पारित किया गया था।

उक्त आरोपियों द्वारा सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बाघ एवं पैंगोलिन का शिकार कर उसके अव्यवों की तस्करी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करने का अपराध किया था। उक्त कार्रवाई से न केवल मप्र राज्य अपितु संपूर्ण भारतवर्ष में बाघों के संरक्षण एवं सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी तथा बाघ के अव्यवों की तस्करी में संलिप्त संगठित अपराध को रोकने की दिशा में अहम कड़ी होगी। ताशी शेरपा को विशेष न्यायालय नर्मदापुरम में प्रस्तुत किया गया। उक्त आरोपी की अन्य वन्य जीव अपराधों में संलिप्ता के संबंध में जानकारी के लिए अन्य राज्यों से संपर्क कर जानकारी एकत्रित की जा रही है।

# कलेक्टर प्रतिनिधियों को समय पर पंजीकरण कराने के बीईओ को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



फरवरी माह में माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ऐसे में परीक्षार्थियों को बेहतर व्यवस्था मिले इस संबंध में सोमवार को कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग, डाइट एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को समय पर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए संबंधित बीईओ को निर्देशित किया है। इसी के साथ ब्लॉक स्तर पर परीक्षा प्रक्रिया संबंधी समस्त तैयारियां भी पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि समस्त बीईओ अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर परीक्षा केन्द्रों पर पानी, शौचालय एवं छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था आदि संबंधी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। समस्त पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा से संबंधित समस्त प्रबंध सुनिश्चित करें। इसी के साथ परीक्षा अवधि के लिए निरीक्षण दल का गठन हर ब्लॉक स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करें, जिसमें बीईओ-बीआरसी या शिक्षा विभाग से संबंधित कोई भी एक अधिकारी दल में रखना सुनिश्चित करें। यू डाइस पोर्टल पर ब्लॉकवार, जितने भी स्कूल शेष है उनके बच्चों की संख्या एवं उनकी प्रोफाइल अपडेशन और निर्माण की व्यवस्था का कार्य समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करें।

यह निर्देश यू डाइस प्रभारी को कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर द्वारा निपुण भारत के अंतर्गत शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए किए गए कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही समस्त बीईओ,बीआरसी आदि को यह सुझाव दिया है कि जो भी शिक्षक या प्राचार्य इस संबंध में अच्छा कार्य कर रहे है उनके साथ समन्वय कर इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएं। ताकि 19 फरवरी को अनुमानित सर्वे के दौरान जिले की स्थिति में सुधार आए एवं तय लक्ष्य प्राप्त हो सके। इसके लिए अगर जरूरत हो तो बीआरसी शिक्षकों के साथ विशेष सत्र आयोजित करें। 10वीं 12वीं के पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम की समीक्षा कर कलेक्टर द्वारा समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया है कि प्रयास करें कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षा परिणाम और बेहतर रहें। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की स्वीकृति एवं वितरण की भी विस्तार से समीक्षा की गई एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष के अंत तक लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य करें। इसी के साथ तकनीकी शिक्षा, पॉलिटेक्निक, आईटीआई में छात्रों के प्रवेश के लिए छात्रों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक करें। गणवेश वितरण के संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि गणवेश वितरण का कार्य तेजी और सुचारू रूप से किया जाए। साथ ही कोई भी पात्र हितग्राही गणवेश वितरण से ना चूके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत , जिला शिक्षा अधिकारी बिसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 3 माह से लापता अधेड़ व्यक्ति की मिली हड्डियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम निभौरा से 28 अक्टूबर को लापता हुए 53 वर्षीय व्यक्ति की हड्डियां सोमवार को रैनीपानी के जंगल में रोड से लगभग 2 किलोमीटर अंदर मिली है। गुमशुदा दिनेश नायक पिता घूमती लाल नायक उम्र 53 वर्ष 27 अक्टूबर 2023 को भैंस चराने के लिए जंगल में गया हुआ था तभी से वह गायब है। उसकी गुमशुदगी उसके बेटे द्वारा 28 अक्टूबर 2023 को सोहागपुर थाने में दर्ज कराई थी।

#### रैनीपानी के जंगल में लापता के शव की हड्डियां मिली

इसी दौरान निभौरा क्षेत्र में बाघ की लोकेशन भी नजर आ रही थी और एक गाय का भी उसके द्वारा शिकार किया गया था जिसका शव ग्रामीणों को जंगल में मिला था। अधेड़ के लापता होने के तीन माह बाद सोमवार को पुलिस को रोड से लगभग 2 किलोमीटर दूर रैनीपानी के जंगल में लापता के शव की हड्डियां मिली है। सोहागपुर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि लापता दिनेश नायक पिछले तीन माह से लापता था जिसकी तलाश पुलिस एवं परिजन लंबे समय से कर रहे थे जिसके शव की हड्डियां सोमवार को जंगल से मिली है। हड्डियां देखकर यह पता चलता है कि दिनेश का शिकार किसी जंगली जानवर द्वारा किया गया है तथा उसका पूरा मांस जानवर ने खा लिया। हड्डियां जिस हालत में मिली है उसे देखकर तो यही प्रतीत होता है।

# '50 दिनों में करें प्राथमिक शिकायतों का निराकरण'

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, सहकारिता, जनजाति कार्य विभाग को सीएम हेल्पलाइन में कम प्रगति के लिए निर्देशित किया है की अगले एक सप्ताह तक अपने समस्त लंबित सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करें और अपने-अपने विभागों की सीएम हेल्पलाइन में श्रेणी सुधार के लिए कार्य करें। उन्होंने बैठक में समय सीमा के प्रकरणों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। पिछले सप्ताह के समयसीमा के प्रकरणों की वस्तुस्थिति देख समस्त लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने जनसुनवाई के समस्त प्रकरणों की समीक्षा की एवं समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि 365 दिन से ऊपर के कोई भी प्रकरण लंबित न रहे, यह सुनिश्चित करें। एक सप्ताह के अंदर लंबित प्रकरणों पर ठोस कार्यवाही कर उनका निराकरण करें। सिंचाई व्यवस्था को लेकर प्राप्त शिकायतों के संबंध में कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि नियमित रूप से ऐसी शिकायतों की समीक्षा करें। सिंचाई विभाग से समन्वय कर वस्तु स्थिति को जानकर शिकायतों का निराकरण करने की दिशा में कार्य करें। इसी के साथ लाउडस्पीकर के उपयोग के संबंध में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार कार्यवाही करें। सभी से प्रमुखता से नियम का पालन करवाना सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के गार्डन संचालकों एवं डीजे संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें नियम के बारे में जानकारी दें और नियम न मानने की दशा में संबंधित के विरुद्ध चालान और जब्ती की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने बैठक में नर्मदा जयंती की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की ओर सीएमओ नर्मदापुरम और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नर्मदा जयंती की समस्त तैयारी समय पर पूर्ण की जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभाग के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# परीक्षा पर चर्चा, समेरिटंस के विद्यार्थियों ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा के पहले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। स्थानीय समेरिटंस स्कूल में इस कार्यक्रम सैकड़ों विद्यार्थियों ने देखा। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने कहा कि यह कार्यक्रम देखकर उनका उत्साह बढ़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए उदाहरण और प्रेरणा उनके लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विक्रांत खंपरिया, राजेंद्र रघुवंशी, सुमिता द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## शहीदों की स्मृति में आज रखा जाएगा दो मिनट का मौन

**नर्मदापुरम।** प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी 30 जनवरी को सुबह 11 बजे शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया है कि दो मिनट का मौन शुरू होने की सूचना प्रातः 10:59 बजे से 11 बजे तक सायरन बजाकर दी जाएगी और फिर 11 बजे से 11:02 बजे तक मौन रखा जाएगा। तदोपरांत दो मिनट बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः ऑल क्लियर सायरन बजाया जाएगा। जिस जगह पर सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाएगी। कलेक्टर ने सर्वसंबंधितों से कहा है कि वे पूर्ण गरिमा के साथ शहीद दिवस मनाया जाना सुनिश्चित करें।

## अभियानः भाजपा चली गांव की ओर

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की जाएगी। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी पंकज जोशी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सीमा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष,प्रकोष्ठों के जिला संयोजक,भाजपा मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, अभियान के मंडल संयोजक एवं सहसंयोजक उपस्थित रहेंगे।

## लापता युवक की नहीं हो पाई तलाश

**नर्मदापुरम।** शनिवार रात करीब 9.30 बजे ट्रेक्टर-ट्राली सहित नर्मदा ब्रिज से गिरे लापता युवक की तलाश सोमवार को भी नहीं हो पाई थी। जबकि गोताखोर और होमगार्ड की टीम लगातार लापता युवक की सर्चिंग का ऑपरेशन चला रही है। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि लापता युवक सोमवार को भी नहीं मिल पाया है।

## मां, भाई और बहु की द्वितीय पुण्यतिथि पर जैन बंधुओं ने राम रहीम रोटी बैंक के माध्यम से गरीबों को कराया भोजन

**सोहागपुर।** शोभापुर निवासी समाजसेवी एवं कृषक मनीष जैन एवं शिरीष जैन (सोनू भैया) द्वारा अपनी माताजी ब्रह्मलीन नीलम जैन, भाई स्वर्गीय आशुतोष जैन (आशु) एवं बहू स्वर्गीय शिवानी जैन की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में सोहागपुर में राम रहीम रोटी बैंक के माध्यम से गरीब निराश्रित, जरूरतमंद, बेघर, बेसहारा लोगों एवं नर्मदा परिक्रमावासियों को भोजन करवाया। राम रहीम रोटी बैंक के सहयोगी सदस्य जमील खान ने बताया कि उनके द्वारा समाज सेवियों और अन्य सदस्यों के माध्यम से निरंतर निराश्रित लोगो को भोजन करवाया जा रहा है। इसमें नगर के अतिरिक्त समीपस्थ नगरों के व्यापारियों, समाजसेवियों के आर्थिक, शारीरिक सहयोग लगातार मिलता है।



### लोकसभा निर्वाचन के पहले वेयरहाउस में उपयोग होने वाली ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच

# भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड के 5 इंजीनियर करेंगे एफएलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिला मुख्यालय पर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रयुक्त की जाने वाली ईवीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एफएलसी के लिए ईवीएम वेयरहाउस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड बैंगलूरू द्वारा नियुक्त इंजीनियरों की उपस्थिति में खोला गया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मनोहर बडानी, प्रतिनिधि इंडियन नेशनल कांग्रेस अनोखी लाल राजोरिया,प्रतिनिधि बहुजन समाज पार्टी सदाशिव खातरकर एवं रामबाबू बारवे, प्रतिनिधि आम आदमी पार्टी राजेन्द्र मालवीय तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह, ईव्हीएम नोडल अधिकारी कुबेर सिंह मिर्धा, निर्वाचन सुपरवाईजर कैलाश दुबे तथा राष्ट्रीय स्तर मास्टर ट्रेनर श्री पंकज दुबे उपस्थित रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम स्तरीय जांच की प्रकिया कार्य समाप्त होने तक प्रतिदिन प्रात 9 बजे से सायः 7 बजे तक (अवकाश के दिन सहित) जिला कार्यालय के तवा भवन स्थिति ईव्हीएम वेयरहाउस में जारी रहेगी। प्रतिदिन प्रथम स्तरीय जांच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रकिया (एसओपी) के अनुसार भारत इलेक्ट्रनिक लिमिटेड द्वारा नियुक्त 5 इंजीनियरों द्वारा की जाएगी। जिसके अंतर्गत इंजीनियरों के टीम लीडर और एफएलसी प्रभारी की देखरेख में निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार सर्वप्रथम मशीनों की क्लिनिंग की कार्यवाही की जायेगी। जिसके अंतर्गत सीयू, बीयू और व्हीव्हीपीएटी मशीनों पर अंकित शब्दों की सफाई, एड्रेस टैग, मतपत्र, विशेष टैग को हटाने जैसी सफाई शामिल होगी। अधिकृत इंजीनियरों द्वारा बीयू, सीयू, व्हीव्हीपीएटी, कनेक्टिंग केबल, कनेक्टर, कुंडी, कैरी केस आदि का दृश्य निरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि प्लास्टिक के हिस्सों, कुंडी, स्विच आदि में कोई क्षति या टूट-फूट तो नहीं हैं। प्लास्टिक के हिस्सों, कुंडी, स्विच आदि का प्रतिस्थापन किया जाएगा। अधिकृत इंजीनियरों द्वारा पी-एफएलसीयू का उपयोग करके सीयू, बीयू और व्हीव्हीपीएटी की कार्यक्षमता जांच की जाएगी। अधिकृत इंजीनियरों द्वारा एसएलयू का उपयोग करके व्हीव्हीपीएटी में सिंबल लोडिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके अंतर्गत पी-एफएलसीयू में सही पाये गये व्हीव्हीपीएटी को मैनुअल एफएलसी टेबल पर ले जाने से पहले सिंबल लोडिंग टेबल पर ले जाया जाएगा।

व्हीव्हीपीएटी में सिंबल लोडिंग एसएलयू का उपयोग करके की जाएगी और राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मॉनिटर पर सिंबल लोडिंग को एक साथ देखने की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। एफएलसी और मॉक पोल के संचालन के लिए केवल ईसीआई द्वारा निर्धारित डमी प्रतीकों को व्हीव्हीपीएटी में लोड किया जाएगा। मशीनों की पूर्ण कार्यक्षमता जांच इंजीनियरों द्वारा की जावेगी जिसके अंतर्गत इंजीनियर प्रत्येक बीयू, सीयू और व्हीव्हीपीएटी के सभी स्विचों की प्रतिक्रिया की जांच करेगें और ईव्हीएम के सभी घटकों के मूल होने की पुष्टि करेगें। अधिकृत इंजीनियर एफएलसी के दौरान राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीयू और सीयू की जांच के लिए पीसीबी का निरीक्षण करेंगे। बीयू, सीयू और व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी एक साथ की जाएगी। जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार बटन के सामने 6 वोटों का मॉकपोल किया जाएगा और सीयू की इलेक्ट्रॉनिक गिनती को प्रत्येक व्हीव्हीपीएटी के पेपर पर्चियों के साथ मिलान किया जाएगा। एफएलसी ओके युनिट पर एफएलसी ओके का ग्रीन स्टिकर चिपकाया जाएगा तथा अक्रियाशील या खराब इकाइयों पर लाल स्टिकर चिपकाया जाकर उन्हें पृथक रखा जाएगा।एफएलसी-ओके सीयू पर गुलाबी पेपर सील चिपकाई जावेगी, जिसपर इंजीनियर, एफएलसी पर्यवेक्षक और राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगे। एफएलसी पूर्ण हो जाने पर एफएलसी-ओके ईवीएम में से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा यादृच्छिक रूप से चयनित 1 प्रतिशत ईव्हीएम में 1200 मतों, 2 प्रतिशत ईव्हीएम में 1000 मतो तथा 2 प्रतिशत ईव्हीएम में 500 मतों का मॉक-पोल राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में होगा।

# शशांक के 7 विकेटों से 76 रनों पर सिमटी हरदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जेएल वर्मा मेमोरियल ट्राफी अंडर-13 का दूसरा मैच हरदा और नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मैच के पहले दिन के खेल में हरदा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। नर्मदापुरम टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाएं। टीम की ओर से रुद्र शिवहरे ने सर्वाधिक 35 तथा विराट सिंह ने 33 रन बनाए। हरदा टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए हर्षित गौर ने 3 विकेट, सैम यादव 3 विकेट, आयुष ने 3 विकेट लिए। इसके पश्चात हरदा टीम ने बल्लेबाजी करते हुए नर्मदापुरम के तेज गेंदबाज शशांक दुबे की शानदार गेंदबाजी के आगे मात्र 76 रनों पर ऑल आउट हो गई। नर्मदापुरम के गेंदबाज शशांक दुबे ने 18 रन दे के 7 विकेट लिए तथा दिव्यांश गालर ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए, हरदा टीम की तरफ से सूर्यांश ने 29 रन बनाए। इस तरह नर्मदापुरम ने 72 रनों की बढ़त बनाई। मैच में अंपायर कि भूमिका मनीष यादव एवं विष्णु बोरासी ने निभाई। स्कोरर की भूमिका मनोहर बिलथरिया ने निभाई। मैच के दूसरे दिन का खेल आज होगा।

**खबर संक्षेप**

## संभाग के लिए मॉडल चयन होने पर बच्चों का किया सम्मान



**बैतूल।** राज्य स्तरीय गणित, विज्ञान, पर्यावरण व सामाजिक विषयों की जिला स्तरीय गणितीय मॉडल प्रदर्शनी में कबाड़ के जुगाड़ का गणितीय मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिससे उत्साहित होकर शाला प्रबंधन समिति ने गौठाना स्कूल के मॉडल निर्माण करने वाले बच्चों व शिक्षकों को कार्यक्रम आयोजित कर प्रशंसा भेंट कर सम्मानित किया। छात्र विवेक वानखेड़े, राज उइके व गणित के शिक्षक मदनलाल डढोरे ने बताया कि स्कूल में पड़ी अनुपयोगी से सामग्री से संख्याओं के वर्ग को सरल तरीके से सीखने का मॉडल से बच्चों में सीखने की प्रवृत्ती का विकास हुआ है। साथ ही रटने से नहीं बल्कि मॉडल से सीखने की आदत निर्मित हुई है। अब यह गणितीय मॉडल जिले में प्रथम स्थान के बाद संभाग में प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चौकीकर, मंगला साबले, श्वेता निरापुरे, जयश्री मेश्राम, मोनिका वर्मा, तनवीर खान, मदनलाल डढोरे, नेहा उबनारे, पालकगण और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गुजरात शैक्षणिक यात्रा के लिए तुषार का चयन




**बैतूल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडूस में कक्षा 11वीं के छात्र श्री तुषार पिता गणपति पवार का गुजरात शैक्षणिक यात्रा के लिए चयन हुआ है। स्कूल प्राचार्य ने बताया कि 23 जनवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रभात पट्टन में आयोजित जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता में जिले के सभी हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सभी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीएम राइज, पीएमश्री स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत जिला स्तर की इस प्रतियोगिता से सभी छात्र-छात्राओं में से 2 विद्यार्थियों का गुजरात के वडनगर में 7 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु चयन किया जाना था। उन्होंने बताया जिला स्तरीय प्रतियोगिता में संकुल केन्द्र भडूस के हायर सेकेण्डरी स्कूल से छात्र श्री तुषार पवार सहित कुल 7 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया था। प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भडूस के छात्र श्री तुषार पवार का गुजरात शैक्षणिक यात्रा के लिए चयन हुआ है। प्रेरणा उत्सव में विद्यालय के छात्रों को तैयार करवाने में शाला के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक श्री उमेश शर्मा का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छात्र तुषार पवार की इस उपलब्धि पर शाला परिवार एवं ग्राम वासियों ने बधाई दी है।

## ठंड से बचने जरूरतमंदों को भेंट किए कंबल

**बैतूल।** जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों में गरीब लोगों पर भीषण ठंड कहर बरपा रही है। माधव साख सहकारी संस्था मर्यादित बैतूल द्वारा वन ग्रामों में जाकर शीतकाल में कंबल एवं वस्त्र वितरण का कार्यक्रम पिछले 12 वर्षों से किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत इस वर्ष संस्था द्वारा ग्राम गूड़ी, ढोढरामुऊ, गोगरी में 200 कंबल व वस्त्रों का वितरण किया गया।

## राजश्री प्रांतीय उपाध्यक्ष बनीं

**बैतूल।** मप्र शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन भोपाल में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रांतीय कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न कराया गया। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि चुनाव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिलकापुर ब्लाक भैंसदेही में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ राजश्री मरकाम की निर्विरोध प्रांतीय उपाध्यक्ष के लिए नियुक्त किया गया है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष के पद पर डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर को नियुक्त किया गया।

### सांसद उईके ने विद्यार्थियों के बीच बैठकर बढ़ाया हौसला

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम: पीएम मोदी ने बच्चों को तनाव से दूर रहने के दिए टिप्स





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा शिक्षक का काम जॉब करना नहीं वह बच्चों का भविष्य संवारता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी सोमवार को कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों, शिक्षकों से वर्चुअली संवाद कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी परीक्षा के पूर्व एवं परीक्षा के दौरान बच्चों को तनाव के क्या-क्या कारण हो सकते हैं एवं उनसे किस प्रकार दूर रहना चाहिए, विषय पर चर्चा कर रहे थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि तनाव का मुख्य कारण प्रतिस्पर्धा है।

अभिभावक एवं शिक्षकों को चाहिए कि प्रतिस्पर्धा को किस प्रकार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बदल दे। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा यदि जीवन में नहीं होगी तो जिन्दगी लक्ष्य हीन हो जाएगी। संवाद प्रसारण एमएलबी हाई स्कूल, एकीकृत शासकीय कन्या शाला एवं उत?कृ?ट विघालय में स्क्रीन के माध्यम से कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी द्वारा कराई गई थी। प्रसारण के दौरान सांसद डीडी उईके ने भी बच्चों के साथ बैठकर उनका उत्साह बढ़ाया। शिक्षकों की भूमिका प्रधानमंत्री श्री मोदी से चर्चा करते हुए असम के बंटीने पूछा कि परीक्षा के समय शिक्षकों कि क्या भूमिका होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच शिक्षक एक सेतु के रूप में काम करना चाहिए। उनका रिश्ता सिर्फ स्कूल तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या कभी कोई शिक्षक किसी छात्र के घर यह बताया गया है कि उनके बच्चे ने कितना कमाल का काम किया हैं। उसके घर पहुंचकर दोस्ताना माहौल में आप जब मिठाई खाने जायेंगे तो अभिभावकों एवं विद्यार्थी की गर्व भरी प्रसन्नता कुछ और ही होगी। परीक्षा के दौरान तनाव उ?ीसा कटक की राजलक्ष्मी ने पुछा कि परीक्षा केसाथ होने वाले तनाव को कैसे दूर करें। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि परीक्षा के दौरान जब बच्चा परीक्षा देने जाता हैं तो माँ-बाप उसकी ड्रेस, उसके पेन, पेंसिल, नाश्ता पर ज्यादा फोकस करते हैं, ध्यान देते हैं। जिससे बच्चा रिलेक्स मुड के बदले एक तनाव सा पैदा कर देते हैं। जबकि विद्यार्थी परीक्षा हॉल में 10 मिनट पहले पहुंचे, अपना कक्ष, अपनी सीट, रोल नंबर आदि सहजता से प्राप्त करें। तनाव रहित रहकर अपना ध्यान प्रश्न पत्र पर लगाए। तनाव जैसी कोई स्थिति नहीं बनेगी। शिक्षा और स्वास्थ्य में कैसे रखें समन्वय राजस्थान से 12वीं के छात्र श्री धीरज ने प्रश्न किया कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बीच कैसे समन्वय रखें। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्नेह भरी मुस्कराहट के साथ उसके सिंगल शरीर को देखते हुए कहा कि यह प्रश्न वास्तव में तुमने अपने लिए ही पूछा है उन्होंने कहा कि मोबाइल आपके जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन चुका है परंतु मोबाइल को चालू रखने के लिए जिस प्रकार उसे रिचार्ज करना जरूरी होता है इस तरह हमारे शरीर को गतिमान एवं स्फूर्ति प्रदान करने के लिए व्यायाम बहुत ही जरूरी होता है, जिसे रिचार्ज नहीं करें तो यह शरीर भी सुस्त हो जाता है। व्यायाम से हमारे शरीर में रक्त संचार बना रहता है। उन्होंने कहा कि जहां भोजन जरुरी है वही व्यायाम भी उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए जितनी नींद जरूरी है उतनी ही धूप भी जरूरी है। साउंड स्लीप का अपना ही एक अलग महत्व है। अपने कैरियर और काम का चुनाव कैसे करें पानीपत की अदिति तंवर ने पूछा कि कौन सा विषय ले अथवा अपने करियर के लिए किस विषय का चुनाव करें, इसमें हमेशा कंफ्यूजन बना रहता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आप कंफ्यूज नहीं है आपको स्वयं पर भरोसा नहीं है। पहले अपने निर्णय पर भरोसा करें, निर्णय करना सीखें, आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते है और दूसरे लोगों से पूछते हैं तो ज्ञानवान अपनी सलाह देते हैं। उसमें जो सरल होता है, आप उसकी सलाह मानकर वह काम चुन लेते हैं और परेशान होते हैं। निर्णायक बने प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आप क?या सोचते हैं सफाई करवाना प्रधानमंत्री के स्तर का काम है। परंतु उसकी जरूरत तो थी। किसी भी विषय को जब मोटिवेशनली समझाया जाता है तो वो एक मिशन का रूप ले लेता है और उसका परिणाम आपके सामने है। आशय यह है कि विषय कोई भी हो आपने यदि सोच समझकर निर्णय लिया है तो फिर उसमें संकल्प निश्चित है।

### गर्माता जा रहा फ्लैक्स का विवाद

## फोटो विवाद पर फटा गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं का फ्लैक्स!




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी नगर परिषद में लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। ताजा विवाद उस समय सामने आया जब नगर परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदगणों की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं का फ्लैक्स लगाया गया था जिसे फाड़ दिया गया है। इस फ्लैक्स के विवाद में नप अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष और पार्षदगणों ने पुलिस चौकी घोड़ाडोंगरी में शिकायत दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में सीएमओ पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। क्या है शिकायत घोड़ाडोंगरी पुलिस चौकी में की गई शिकायत में नगर परिषद अध्यक्ष मीरावंती उइके, उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह खनूजा एवं अन्य ने उल्लेख किया है कि 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व उत्सव का बैनर/फ्लेक्स मेरे एवं समस्त नगर परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पाषर्दगण के फोटो सहित दुर्गा चौक घोड़ाडोंगरी में लगाया गया था। 27 जनवरी को उक्त फ्लेक्स को फाडकर अपमानित करने का काम किया गया है। जाकर देखा तो फ्लेक्स फटे हुए थे। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो व्यक्ति उस बैनर को फाड़ कर समेटे हुए हैं। दोनों व्यक्ति की पहचान करी तो पता चला पहला व्यक्ति अजय लंगोटे एवं दूसरा व्यक्ति अमर बंसोड़ है। अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह से मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास जानबूझकर किया गया है।

### अध्यक्ष ने अपमानित करने का लगाया आरोप

नगर परिषद अध्यक्ष मीरावंती उईके ने सीएमओ पर आरोप लगाया है क वे आदिवासी समाज से हैं और नगर परिषद की अध्यक्ष हैं। इसलिए नगर परिषद मुख्य नगर परिषद अधिकारी ऋषिकांत यादव द्वारा मुझे नगर परिषद मीटिंग के दौरान एवं कार्यालय में अपमानित किया जाता है जिससे मेरा सार्वजनिक रूप से अपमान होता है। इससे मैं मानसिक रूप से आहत हूं। उन्होंने कहा कि इस तरह से राष्ट्रीय पर्व का फ्लैक्स फाडना निंदनीय है। जनप्रतिनिधियों ने की शिकायत शिकायत करने वालों में नगर परिषद की अध्यक्ष मीरावंती उइके, उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह खनूजा, पार्षदगण कविता महाले, निशा धुर्वे, सोना राजपूत, राहुल इवने, योगेंद्र कवड़े शामिल हैं। इस मामले में उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह खनूजा ने कहा कि इस मामले की जांच हो और सीएमओ सहित जो दो व्यक्ति वीडियो में दिखाई दे रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर की जाए। यह सीधे अपमानित करने का मामला है। इस तरह से जनप्रतिनिधियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां से शुरू हुआ था विवाद 27 जनवरी को घोड़ाडोंगरी में राजस्व अभियान शिविर आयोजित किया गया था जिसमें विधायक गंगाबाई उइके भी शामिल हुई थी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस शिविर की किसी को भी सूचना दी गई और ना ही मुनादी कराई गई। जिससे लोगों को शिविर की जानकारी ही नहीं मिली। इसी दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उइके ने विधायक को अवगत कराया कि नगर परिषद ने जो फ्लैक्स लगाया है। उसमें अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की तो फोटो लगी है लेकिन मुख्यमंत्री और विधायक की फोटो नहीं लगी है। इसको लेकर विधायक उइके ने भी कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों की लगातार अवहेलना हो रही है। यह मामला मीडिया की सुर्खियों में आया और इसी के बाद फ्लैक्स का फटने से मामला और अधिक गर्माया गया है। अब कांग्रेस ने भी सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### कुछ नहीं कहना

इस बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है, गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम होने के बाद फ्लैक्स निकलवा दिया है।

**ऋषिकांत यादव**
सीएमओ नगर परिषद घोड़ाडोंगरी

## राष्ट्रीय पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर उठ रहे सवाल

### ग्राउंड पर उड़ती रही धूल, साउंड व्यवस्था से परेशान दिखे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



वर्ष में एक बार आने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर स्थानीय प्रशासन कितना गंभीर है इसकी बानगी 26 जनवरी के मुख्य कार्यक्रम हाई स्कूल ग्राउंड पर दिखाई दी जहां ग्राउंड पर ना तो कंकड़ पत्थर हटाए गए थे और ना ही पानी का छिड़काव किया गया था जिसके चलते जब बच्चों ने पीटी की तो धूल संपूर्ण ग्राउंड पर उठ रही थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के पालको ने बताया कि ग्राउंड पर पड़े पत्थरों के कारण के कारण स्कूलों के होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गणतंत्र दिवस की व्यवस्था करने की जवाब देही जनपद पंचायत कार्यालय मुलताई की होती है किंतु इस बार जनपद कार्यालय में व्यवस्था करना तो दूर गणतंत्र दिवस के आमंत्रण पत्र तक व्यवस्थित वितरण नहीं किए गए थे। अनेक गणमान्य नागरिक को और पत्रकारों को आमंत्रण पत्र ही नहीं मिले। मुख्य कार्यक्रम स्कूल ग्राउंड पर बैठक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाते रहे।

### लाखों खर्च, महेनो की प्रैक्टिस फिर भी नहीं मिलता सीला



*गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राएं 5 से 8 मिनट के कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए महीनो मशक्कत करते हैं छात्र-छात्राओं के प्रस्तुति के उपयोग की सामग्री और ड्रेस व्यवस्था पर पालक लाखों रुपए खर्च आता है पूरा स्कूल स्टाफ और कई दर्जन बच्चे अपने 5 से 8 मिनट के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं किंतु जब यह प्रस्तुति हाई स्कूल मैदान पर पहुंचती है तो खराब साउंड व्यवस्था और टाइम बचाने के प्रयास में पहले ही साउंड का बंद होना पूरी प्रस्तुति बेकार कर दी जाती है। शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की अवस्था के चलते अनेक स्कूल इस कार्यक्रम में भाग लेने से कतराने लगे हैं।*

### विकृति बचाव व विशाल चर्म रोग निदान शिविर 30 को

**बैतूल।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ 30 जनवरी को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम प्रातः 11 बजे जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल परिसर बैतूल में विकृति बचाव शिविर एवं विशाल चर्म रोग निदान शिविर का आयोजन प्रातः: 10 बजे से किया जाएगा। जिसके साथ एक दिवसीय कुष्ठ विकृति बचाव एवं उपचार शिविर भी संचालित होगा। डॉ.उइके ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर द्वारा हस्ताक्षरित अपील एवं संकल्प का वाचन, कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को दूर करने एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने हेतु मरीजों से हाथ मिलाकर उनका सम्मान किया जाएगा।

## वसूली अभियान: प्रथम दिन 2 लाख 52 हजार की वसूली

### एक नल काटा, एक अवैध नल को किया वैध





**मुलताई।** गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही नगर पालिका ने आर्थिक स्थिति में सुधार के प्रयास तेज कर दिए है। राजस्व निरीक्षक जी आर देशमुख के नेतृत्व में नगर में चलाए जा रहे वसूली अभियान के प्रथम दिन नगर पालिका को बड़ी सफलता मिली है । सोमवार को नगर पालिका कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों से जलकर एवं संपत्ति कर की कुल 2 लाख 52 हजार 303 रुपए की राशि की वसूली की है साथ ही एक अवैध नल कनेक्शन को काटने के साथ ही एक अवैध नल कनेक्शन को फाइन सहित राशि की वसूली कर वैध नल कनेक्शन मे अवैध परिवर्तित किया है। पहले दिन कर्मचारियों ने संपत्ति कर की 1लाख 57 हजार 878 रुपए की राशि की वसूली की है। वही जलकर की 94हजार425 की वसूली की गई है।

### डूबते को तिनके का सहारा काफी है

*मुलताई नगर पालिका में बीते वर्षों में प्रशासनिक काल का लाभ उठाकर अधिकारियों ने जेम पोटल से अनाधुन अनावश्यक खरीदी कर नगर पालिका का फट्टा बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, नतीजा यह कि आज मुलताई नगर पालिका गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। नगर पालिका के पास कर्मचारियों के भुगतान के लिए राशि नहीं है कर्मचारियों को दो से तीन माह बगैर वेतन के आर्थिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। और नगर पालिका जल्दी इस स्थिति से उबर पाएगी ऐसा कहना तो कठिन है किंतु वसूली अभियान को मिल रही सफलता से यह कहा जा सकता है कि डूबते को तिनके का सहारा काफी है ।*

### स्व. विजय कुमार खंडेलवाल के स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता

# शारिक तारिक शिवा इलेवन ने रेड रोज को हराकर जीता फाइनल मैच






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

जन आदर्श स्पोर्ट्स क्लब एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में पाथाखेड़ा स्थित स्व.अटल बिहारी वाजपेई फुटबॉल ग्राउंड पाथाखेड़ा में बैतूल जिले के विकास पुरुष स्व. विजय कुमार खंडेलवाल जी के स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता का लगातार 15 वे वर्ष का सफल आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर एवं परितोषित वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैतूल जिले के पूर्व सांसद एवं बैतूल विधानसभा से वर्तमान विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 15 वर्ष से निरंतर सफल आयोजन के नए आयाम स्थापित कर रही है। स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट बाल प्रतियोगिता जिसमें खिलाड़ियों के साथ दर्शकों और आयोजन समिति का उत्साह देखते ही बनता है।लगातार आयोजन समिति प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए नए और सफल प्रयोग करती है पूरी आयोजन समिति को सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि स्व.विजय कुमार खंडेलवाल के स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता मप्र की सबसे लोकप्रिय टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता है।जिसमें कई राज्यों से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखने आते हैं छोटे शहर की बड़ी प्रतियोगिता होने से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा में भी निखार आता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहां की नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राउंड का जिरनोद्धार किया है आगे भी आयोजन समिति की मंसा अनुरूप स्टेडियम में विकास कार्य किए जाएंगे।

### संघर्ष पूर्ण रहे प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला

स्व.विजय कुमार खंडेलवाल जी स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के 22 वे दिन 3 मैच खेले गए। पहला सेमी फाइनल मैच आरएसएस सलैया एवं रेड रोज शोभापुर के बीच खेला गया रेड रोज शोभापुर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसएस सलैया ने निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 78 रन बनाएं। 79 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी रेड रोज शोभापुर ने 8 ओवर मे 5 विकेट खोकर 85 रन बना कर यह मुकाबला 5 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ द मैच नवीन नागले जिन्होंने 2 ओवर में 2 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने क दूसरा सेमी फाइनल मैच शारिक तारिक शिवा इलेवन पाथाखेड़ा एवं किंग शूटर पाथाखेड़ा के बीच खेला गया शारिक तारिक शिवा इलेवन ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग शूटर पाथाखेड़ा ने 9 ओवर महज 53 रन ही बनाएं 54 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारिक तारिक शिवा 11 ने सात ओवर मे 5 विकेट खोकर 55 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिये इस मैच के मैन ऑफ द मैच पोलार्ड जिन्होंने महत्वपूर्ण 3 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने।आज का तीसरा फाइनल मैच शारिक तारिक शिवा इलेवन भोपाल एवं रेड रोज शोभापुर के बीच खेला गया रेड रोज शोभापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए रेड रोज शोभापुर ने निर्धारित 12 ओवर में ऑल आउट होकर 90 रन बनाएं 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शारिक तारिक शिवा इलेवन ने सात ओवर मे 3 विकेट खोकर 91 रन बना लिए और यह मैच 7 विकेट से जीत लिया इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच अजीम लाला जिन्होंने बल्लेबाजी में 30 रन एवं गेंदबाजी में 2 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने।

### प्रतियोगित की विजेता उपविजेता को मिले आकर्षक उपहार

स्व.विजय कुमार खंडेलवाल की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता की विजेता तारीक सारीख शिवा 11 को एक लाख 51 हजार का नगद पुरस्कार सभी खिलाड़ियों को हेलमेट डायरी कई आकर्षक उपहार आयोजन समिति द्वारा दिए गए वही उपविजेता को 75 हजार नगद पुरुषकार हैटमेट डायरी एव कई आकर्षक पुरस्कार दिए गए वही आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच मैन ऑफ द सीरीज बेस्ट कैच बेस्ट फील्डर बेस्ट बॉलर जैसे कई आकर्षक पुरस्कार खिलाड़ियों को वितरित किए गए पुरुस्कार वितरण आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे,बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार,मंडल प्रभारी सुधाकर पवार ने किया।

पूर्व विधायक अर्जुन पलिया के पुत्र हैं सतपाल पलिया, राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू

# सतपाल ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

सतपाल पलिया ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्या से इस्तीफा देकर जिले की राजनीति में भूचाल ला दिया है। जिसकी चर्चा सोमवार को पूरे जिले में होती रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी और पिपरिया के पूर्व विधायक अर्जुन पलिया के पुत्र सतपाल पलिया ने सोमवार तड़के अपने इस्तीफा की जानकारी सार्वजनिक करते हुएं, गुलाबी ठंड में राजनैतिक गर्मी ला दी है । उनके स्तीफे की खबर से जहां कांग्रेस के लिए लोक सभा में नई मुसीबत की अटकलें लगाई जा रही हैं तो वहीं भाजपा में भी उनके स्तीफे के बाद काना फूसी होने लगी हैं। कांग्रेस के लिहाज से यदि देखा जाए तो सतपाल पलिया के पास इसके अतिरिक्त कोई विकल्प भी नहीं नजर आ रहा था। क्योंकि विधान सभा करीबी मतों से हारने के बाद मजबूत विपक्ष की तरह वह जनता के सुख दुःख में शरीक होते थे लेकिन नतीजतन


फाइल फोटो

उन्हें 2023 विधान सभा सोहागपुर से उनकी दावेदारी खारिज करते हुए गुर्जर समाज के पुष्पराज सिंह पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया और फिर जो हुआ वह सर्व विदित है । सविता दीवान शर्मा ने मतदान के ठीक पहले भाजपा का दामन थाम लिया और सतपाल पलिया को कांग्रेस प्रत्याशी ने वो तरजीह नहीं दी। जिसके लिए वो डिजर्ब करते थे और अंततः सतपाल पलिया ने कांग्रेस के जंजाल से मुक्ति ले ली। सतपाल पलिया द्वारा कांग्रेस छोड़ने के बाद कयास लगाए जा रहे है कि वह भाजपा में सम्मलित हो सकते हैं और उनकी पुराने दिनों की गतिविधियों को देखते हुए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। गौर तलब हो कि सतपाल पलिया ने हाल ही में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदर काण्ड का पाठ करवाया था और शोभा यात्रा में भगवा ध्वज लहराने के साथ अयोध्या भी गए थे। यह भगवाकरण अप्रत्यक्ष संकेत था जो कि हकीकत में बदल सकता है हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि सतपाल पलिया यदि भाजपा में आते हैं तो क्या वह अपने राजनैतिक गुरु सुरेश पचौरी और अपने करीबी तेंदूखेड़ा के पूर्व विद्यायक संजू शर्मा सहित अन्य कांग्रेसियों के साथ भाजपा की सदस्यता लेंगे या फिर और कोई बड़ा नेता भी इन दिग्गजो के साथ इस पैनल में शामिल होगा? फिलहाल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सतपाल पलिया के इस निर्णय से नर्मदांचल में राजनैतिक लहरों से कई नेताओं की नौका को मजबूत पतवार की जरूरत महसूस होगी जो कि भाजपा के मजबूत और शक्तिशाली संगठन के लिए संभव माना जा रहा है। लेकिन कांग्रेस के लिए तो अब सिर्फ इतना कहा जा सकता है कि बरगद के पेड़ के नीचे कोई भी पेड़ पौधा पनप नहीं सकता है। राजनैतिक पंडितो के अनुसार कांग्रेस का भविष्य सोहागपुर विधान सभा सहित प्रदेश में खतरें में नजर आ रहा है।

# पुराने बारदाने से वसूले जाते हैं चार गुने पैसे! जिम्मेदारों को खबर तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सहकारिता विभाग के माध्यम से सेवा सहकारी समिति कृषक सेवा सहकारी समिति के माध्यम से समर्थन मूल्य पर जो खरीदी की जाती है उसमें राज विपणन संघ के द्वारा वारदाने उपलब्ध कराए जाते हैं। लेकिन सेवा सहकारी समिति प्रबंधकों के द्वारा बताया गया कि धान की खरीदी में पुराने वार दाने दिए जाते हैं। जिसमें 20 कीमत के बार दाने का 60 की वसूली की जाती है। बारदाना खराब होने पर 60 प्रबंधक से वसूले जाते हैं। उसके बाद भी खरीदी केंद्रों पर सैकड़ों की तादाद में बारदानेखराब होते हैं। इन बरदाने के 60 वसूल किए जाते हैं। प्रतिवर्ष एक खरीदी केंद्र के प्रबंधक को कमीशन बार दाने मजदूरी की राशि सहित एक फसल की खरीदी पर लगभग 25 लाख रुपए शासन के द्वारा समितियो के खाते में राशि भेजी जाती है। लेकिन वह राशि खरीदी



के दौरान ही निकल जा सकती है और उसमें अपने तरीके से बिल लगाकर राशि का हरण किया जाता है। राशि आने के बाद भी मजदूरों को उनकी मजदूरी समय पर नहीं मिलती है। प्रबंध को के द्वारा हमेशा यही बहाना बनाया जाता है कि अभी राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसी तरह से खरीदी के दौरान घटती बढ़कर प्रबंधकों के द्वारा शासन से राशि वसूली जाती है । जिसके लिए अतिरिक्त पर्ची भी तैयार की जाती हैं अन्य किस के नाम भी पर्ची तैयार करके किसान को झाड़नतक बेच दी जाती है। जबकि प्रबंधक को मात्र 10000 ही वेतन मिलता है। प्रबंधक के पास यदि मैनेजमेंट देखा जाए तो करोड़ की संपत्ति उनके पास है। सहकारिता में कई बार फिर होने के बाद भी आज दिनांक तक किसी प्रबंधक को जेल नहीं भेजा गया है और ना उनके ऊपर कर कार्रवाई की गई है वहीं प्रबंधक संघ के अध्यक्ष ने नाम न छापने की शर्त पर यह भी बताया कि यदि ऐसा नहीं करेंगे तो धागा से लेकर जो व्यवस्थाएं तोल कांटे मशीन की जो बनाई जाती है वह राशि कहां से आएगी क्योंकि शासन खरीदी के दौरान राशि देता नहीं है सिर्फ खरीदी प्रारंभ कर देता है। इसलिए सारी व्यवस्थाएं करना पड़ती हैं। लेकिन शासन को इस पर विचार करना चाहिए की 20 के बाद आने के 60 रुपए वसूले जाते हैं यह गलत है इसके कारण भी प्रबंध को कई तरह की गलत कार्य करना पड़ते हैं जो वह करना नहीं चाहते।

## वार्षिकोत्सव व दानदाता सम्मान समारोह 1 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा भारती द्वारा संचालित आशा महेन्द्र शुक्ल जनजातीय कन्या छात्रावास ग्राम धुरपन का वार्षिक उत्सव एवं दानदाता सम्मान समारोह 1 फरवरी 2024, गुरुवार को शाम 3:30 बजे से छात्रावास परिसर डोलरिया रोड में होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सह क्षेत्र सेवा प्रमुख मध्यप्रदेश -छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ओमप्रकाश सिसोदिया रहेंगे। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना रहेंगी तथा अध्यक्षता डॉ. शीतल दयाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ करेंगी। विशेष अतिथि भगवानदास अग्रवाल, पिपरिया और डॉ. अनिल सिंह इटारसी रहेंगे।

# संयुक्त कलेक्टर ने की रिकार्ड सुधार संबंधी समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

राजस्व विभाग के नक्शा सुधार पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में संयुक्त कलेक्टर डॉक्टर बबीता राठौर ने पटवारी हल्का सेमरी हरचंद अमित श्रीवास्तव एवं पटवारी हल्का जमुनिया प्रियंका तिवारी से दोनों ग्रामों के नक्शों की त्रुटियों में सुधार से संबंधित एवं फौती नामांतरण तथा राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में सुधार से संबंधित समीक्षा की एवं सेमरी हरचंद, जमुनिया हल्का के पटवारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में बरेली बैतूल नर्मदापुरम हरदा के बीच होगा आज मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर के पंडित जवाहरलाल स्मृति महाविद्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान एवं डॉ अरविंद सिंह चौहान अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन शुरू होगा । यह आयोजन पिछले 58 वर्षों से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रतापभानु सिंह चौहान की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन का 59 वॉ वर्ष है। इस वर्ष अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में देश की नामी ग्रामी टीमें हिस्सा ले रही है। समिति के सचिव अश्विनी सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज, रायपुर, अमरावती,



नागपुर, नासिक, जालंधर, सोनीपत, नानापुरा, भिलाई, सरगुजा, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, हरदा,बैतूल, इटारसी, नर्मदापुरम, सोहागपुर की टीम में आमंत्रित की गई है। मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे से टूर्नामेंट के शुभारंभ में बैतूल और हरदा एवं नर्मदापुरम और बरेली के बीच मुकाबले खेले जाएंगे। सोहागपुर में आयोजित होने वाली इस अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को देखने के लिए सोहागपुर के अलावा प्रदेश के बड़े शहरों से हॉकी प्रेमी नगर में पहुंचते हैं। इस प्रतियोगिता में पिछले वर्ष हॉकी का लोक उठाने के लिए पूर्व ओपिनियन अशोक ध्यानचंद, विवेक सागर सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस वर्ष भी प्रतियोगिता में भारतीय टीम के कई स्टार हॉकी खिलाड़ी शामिल होने की संभावना है। समिति के सभी सदस्य पिछले एक माह से तैयारी में लगे थे सोमवार को मैदान को भव्य रूप दिया गया । नगर में पहली बार जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में यह आयोजन होगा समिति के हमीर सिंह चंदेल, सौरभ तिवारी अश्वनी सरोज, अभिषेक चौहान, पवन सिंह चौहान ,अभिनव पालीवाल ,दादूराम कुशवाहा, शंकरलाल मालवीय, एकम राजपूत ,रज्जन यादव ,रवि उइके , अंकुश जैसवाल , दिलीप परदेसी ,अंकित कबरे ,अख्तर खान सभी तैयारी में व्यस्त दिखे।

## करोड़ों की सड़क बनने से मिलेगी झटकों से मुक्ति

इटारसी। गड्ढों के लिए कुख्यात ओवरब्रिज पर अब नागरिकों को गड्ढों से मुक्ति मिलने वाली है। ओवरब्रिज का शहर तरफ का संपूर्ण हिस्सा ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा डामरीकृत करना प्रारंभ कर दिया है और अगले कुछ दिन में यह हिस्सा लगभग सरपट दौडने लायक हो जाएगा। ब्रिज का हाईवे वाला हिस्सा भी जल्द गड्ढों से मुक्त होगा। यहां भी 965.96 लाख की लागत से पथरोटा से बुधनी रोड पर डामरीकरण कार्य का शुभारंभ पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने किया है। इटारसी से बुदनी तक जर्जर हो चुके हाईवे सड़क की सूरत बदलना भी प्रारंभ हो गया है, जल्द ही यह रोड भी बदली नजर आएगी। पिछले 19 जनवरी को विधायक ने पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया था। सड़क नवीनी करण का काम पथरोटा के पास आयुध निर्माणी बैरियर से प्रारंभ किया है। खास बात यह है कि पहली बार यह डाटा भी जुटाया गया है कि सड़क पर कहां-कहां पानी जमा होता है।

# जीपीएस में जीनियस उत्सव वेदा-24 का जीनियस कार्निवल के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीनियस प्लानेट स्कूल में जीनियस उत्सव वेदा-24 का जीनियस कार्निवाल के साथ समापन हो गया। कार्निवल के उद्घाटन अवसर पर सोपास प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पणिक्कर, एलकेजी ग्रैंड एवेन्यू के डायरेक्टर निपुण गोठी, पारुल गोठी, बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिरीष कोठरी, सोपास के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव भारद्वाज, मां नर्मदा कॉलेज के संचालक दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। इस कार्निवल में पेरेंट्स तथा विद्यार्थियों द्वारा खान पान स्टाल एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा गेम्स के स्टाल लगाए गए थे जिसके जजमेंट के लिए बलजीत कौर सोखी, हेमा पुरोहित, अनीता अग्रवाल, राज सैनी, इंदु चौरसिया, अर्चना अग्रवाल उपस्थित रहीं। सभी अतिथि एवं जज का स्वागत संचालकद्व जाफर एवं मनीता सिद्दीकी तथा प्राचार्य विशाल शुक्ला ने किया। अतिथियों एवं निर्णायक मंडल ने तिरंगे कलर के गुब्बारे आसमान में छोड़कर



कार्निवल का शुभारम्भ किया। कार्निवाल में जहां स्टूडेंट्स ने मंच पर अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वहीं पेरेंट्स सिंगिंग कॉम्पिटिशन के विजेता चंद्रेश मालवीय, संजय पुरकर, सराठे ने अपना सिंगिंग का हुनर दिखाया। स्टूडेंट्स द्वारा दी गई कराते की प्रस्तुति और टोक्यो ओलम्पिक में मैडल प्राप्त खिलाडिय़ों को ट्रिब्यूट की प्रस्तुति के साथ ही स्कूल में होने वाले सभी स्पोट्र्स के शानदार प्रस्तुति को खूब पसंद किया। डांस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों ने अपने डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच पर पेरेंट्स के गेम्स हुए वहीं टीचर्स द्वारा लगाए गेम्स आर्चरी, मटकी फोड़, भूल भुलाईया, रिंग गेम, गिलास फोड़ गेम, माइंड गेम्स, आदि बहुत पसंद किये गए। खान पान स्टाल खस्ता चाट, आलू बड़े, समोसे, दावेली, ढोकला, लौकी का हलवा, गाजर का हलवा, दही बड़ा, केक, आइसक्रीम, फुलकी, सीर खुरमा, गुलाब जामुन, कस्टर्ड, इडली, मोमोस, वर्फ का गोला, स्वीट कॉर्न, सेंडबिच, कप केक,भेल, मंगोड़े, छोले चाट, केन्डी, कचौड़ी, एवं अन्य खान पान स्टाल में से निर्णायक ने स्पाइसी एवं साल्ट तथा स्वीट केटेगरी से पहला, दूसरा एवं तीसरा एवं सांत्वना का निर्णय दिया। सभी विजेताओं को अतिथियों एवं निर्णायको द्वारा पुरस्कृत किया। कार्निवाल का समापन स्कूल बैंड पर राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस जीनियस उत्सव के साथ हज जीनियस कार्निवाल को समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्टाफ सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्निवाल का संचालन खुशी सिद्दीकी ने किया और उनका साथ शहर के जाने माने एंकर राकेश दुबे ने बखूबी निभाया।

# ऋचा का राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी की छात्रा रिचा मेहरा ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के अंतर्गत मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 69 किलोग्राम वर्ग में कुल 260 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कु. रिचा मेहरा का चयन राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता में हुआ है। रिचा मेहरा भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व 31 जनवरी 24 से 02 फरवरी 24 तक अटल बिहारी



बाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर में करेगी। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ आरएस मेहरा, मंजरी अवस्थी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ. संजय आर्य, स्नेहांशु सिंह, पूनम साहू, रविंद्र चौरसिया, डॉ. शिरीष परसाई एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने बधाई प्रेषित कर एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पहल: कायस्थ समाज ने मृत्यु भोज बंद करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

अखिल भारतीय कायस्थ समाज के द्वारा प्रगति दिनों नगर उपाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव के छोटे भाई स्व सुनील श्रीवास्तव के निधन होने के उपरांत उनके निवास पर कार्य समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि मृत्यु भोज जैसी को प्रथा को बंद करने का निर्णय लिया गया जिससे कि उन्होंने का कहना था की मृत्यु भोज की बजाय हम गरीबों को जनहित में कोई काम



करें जिससे मृतक व्यक्ति की आत्मा की शांति दर्पण हवन की विधि को जरूर किया जावे मृत्यु भाजी करना आवश्यक परंपरा है जो बंद होनी चाहिए। उपस्थित शमी सामाजिक लोगों ने समर्थन करते हुए कहा की पूजा एवं ब्राह्मण भोज ही कराया जाए। कृष्णा नगर अध्यक्ष चैनल श्रीवास्तव, संतोष व्यवहार नीरज श्रीवास्तव, सीताराम श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, गगन, नीतू श्रीवास्तव, रेखा व्यवहार, श्रुति राय आदि महिला पुरुष समाज के उपस्थित रहे।

एक लाख भक्तों ने किए दर्शन, प्रसादी में बटा एक ट्राली बूंदी, 20 बोरा मुरमुरा

# बाचावानी गणेश धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

बनखेड़ी ब्लॉक के ग्राम बाचावानी में तिल चतुर्थी के अवसर पर प्रसिद्ध गणेश मंदिर में करीब 1 लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किए, सोमवार को तिल चतुर्थी के अवसर पर सुबह 4 बजे से देर रात्रि तक भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चों ने भगवान गणेश के दर्शन किए एवं प्रसादी अर्पित की, गणेश चतुर्थी तिल चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने तिल एवं गुड़ के लड्डू भगवान को अर्पित किए।

## 1 ट्राली बूंदी-20 बोरा मुरमुरा का प्रसाद बनाया

मंदिर द्वारा तिल चतुर्थी के अवसर पर एक ट्राली बूंदी का प्रसाद बनवाया गया, एक



ट्राली बूंदी के साथ 20 बोर मुरमुरे मिश्रित कर प्रसाद स्वरूप समस्त भक्तों को वितरित किया गया ,अनेक दानदाताओं ने इस अवसर पर नगद राशी एवं दान स्वरूप वस्तुएं दान की।

## एक कमरा भर नारियल भेंट में चढ़े

तिल चतुर्थी के अवसर पर दर्शन करने आए भक्तों द्वारा भगवान श्री गणेश को




नारियल भेंट अर्पित किया गया, जिसमें करीब एक कमरा भर के नारियल भेंट स्वरूप मंदिर में चढ़ाए गए , चढ़ाए गए नारियलों को आगे समिति द्वारा नीलम कर राशि मंदिर में संग्रहित की जाती है। एसडीएम संतोष तिवारी ने किया दर्शन एवं व्यवस्थाओं का लिया जाएगा। एसडीएम संतोष तिवारी ने गणेश मंदिर के दर्शन किए एवं प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया।

एसडीएम द्वारा बताया गया कि मेले के अवसर पर मंदिर एवं प्रांगण में विशेष पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। जिससे भक्तों को असुविधा न हो ,बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने मंदिर में श्री भगवान गणेश के दर्शन किए। इस अवसर पर भजन प्रतियोगिता में भी हजारों श्रोता भजनों के लुफ्त उठाते देखे गए, भजन प्रतियोगिता का समापन सुबह होगा।

## शिविर में आए हड्डी रोग विशेषज्ञ, मरीज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में भवन में साहू समाज के द्वारा निशुल्क हड्डी रोग से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। राधेश्याम साहू ने बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ ग्रीस मोटवानी के साथ स्टाफ के लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर आयोजन किया जिसने सभी रोगों की जांच की गई जिसमें हड्डी रोगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें दवाइयां भी निशुल्क वितरण की गई। इस दौरान दिव्यांग जनों ने भी अपना परीक्षण कराया दावों के पक्ष टी क्यों लोग सक्षम नहीं है उन्हें दवाइयां वितरण की गई और जो लोग अस्पताल में ही ठीक होंगे उन्हें अपने अस्पताल में आमंत्रित किया गया। बताया गया कि नागपुर शहर से हड्डी रोग विशेषज्ञ गिरीश मोटवानी के द्वारा अपने स्टाफ के द्वारा शेर का आयोजन किया गया। इस दौरान हरिशंकर साहू, हरि साहू, हरिगोविंद साहू, लाल साहू, नितिन साहू, निखिल साहू, बौद्ध शंकर साहू, अशोक साहू, बलराम राधेश्याम साहू, राजेश साहू, लखन साहू, छैला, बिहारी लाल, धनराज, मनोज साहू, पवन, खूबचंद सहित साहू समाज के लोग उपस्थित रहे। सुयोग हॉस्पिटल नागपुर इंद्राणी टीवीएस के सहयोग आयोजन किया गया।

खबर संक्षेप



## संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**हरदा।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र दिए जाते हैं, सर्वप्रथम बच्चों को साहित्य उपलब्ध कराया जाता है तत्पश्चात परीक्षा होती है। परीक्षा के उपरांत उनकी जांच होती है तत्पश्चात तहसील स्तर एवं जिला स्तर पर प्रवीण सूची बनती है जिसके आधार पर बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ हरदा के अंतर्गत जिले की विभिन्न तहसीलों खिड़किया, सिराली, हरदा टिमरनी, रहटगांव आदि की अलग-अलग तहसील की प्रवीण्य सूची एवं जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची के अनुसार 125 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित एवं लिखित जीवन के विभिन्न पहलुओं को स्पर्श करने वाला साहित्य साथ ही मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डा. प्रभुशंकर शुक्ला ,विशेष अतिथि वर्षा त्रिपाठी, रमेश पाटेल, पीसी काशिव, प्रेम नारायण सियाराम गौर, शिवनारायण निकम, ग्यारासराम गौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्वाधिक संख्या में विद्यार्थियों को सम्मिलित करने वाले विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य को भी सम्मानित किया। प्रतिवेदन जीआर गौर ने वाचन किया। परीक्षा के उद्देश्य पर शिवनारायण निकुम द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित समारोह में उद्बोधन में बताया कि गुरुदेव का साहित्य हमें प्रतिदिन अपने स्वाध्याय में रखना चाहिए।

## खेत मालिक पर मारपीट का आरोप

**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक मजदूर के साथ उसके खेत मालिक द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल अवस्था में मजदूर को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में एडमिट मजदूर सुनील पिता हरिदास कोरकू उम्र करीब 20 निवासी लोधीढाना ने बताया कि उसने हरदा में एक किसान विवेक पटेल के खेत में पानी देने का ठेका लिया हुआ है। रविवार रात को खेत मालिक ने उसे बाइक पर बैठाकर उसके दूसरे खेत पर ले गया। जहां शराब के नशे में वह उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान मालिक ने उसे गुस्से में आकर सिर में मार दिया जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसके ससुर छोटेलाल कोरकू ढ़ेगा को वह घायल अवस्था में मिला। जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

## महिला इकाई का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आज

**हरदा।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई संगठन द्वारा मंगलवार को हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम होगा। सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई सचिव अदिति गुरु ने बताया कि मंगलवार को 3 बजे से गोसाईं मंदिर में हल्दी कुंकुम का कार्यक्रम होगा। इस दौरान धार्मिक प्रश्नावली, लकी ड्रा,सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं समाज की व्यवसायी महिलाएं अपने उत्पाद की प्रदर्शनी के लिए भी आमंत्रित है। प्रदर्शनी के लिए इच्छुक महिलाएं पूर्व सूचना कर दें ताकि व्यवस्था की जा सके। सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई अध्यक्ष ममता पाठक ने महिलाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## विस सत्र 7 फरवरी से, अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त

**खंडवा।** विधानसभा सत्र आगामी 7 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। सत्र के दौरान विधानसभा में विधायकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों के जवाब समय सीमा में भिजवाये जाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने अपर कलेक्टर केआर बड़ोले को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

---

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ न्यायालायों का निरीक्षण करें तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पटवारियों की सचिवों के साथ बैठक आयोजित करें और किसानों के ईकेवायसी का कार्य करवायें। लंबित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 45 दिन से ऊपर वाले प्रकरणों को निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित विवादित एवं सीमांकन प्रकरणों का भी निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-राजस्व एवं डायवर्सन वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। राजस्व अभियान की धीमी प्रगति होने से सभी एसडीएम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में पटवारियों के रिक्त पदों की जानकारी भी ली।



बैठक में कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आये प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थों का जीवन ज्योति बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना में आवेदन करने के निर्देश दिए। शासकीय जमीन पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश सभी एसडीएम को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ आपदा राहत के बिल नायब नाजीर पंधाना ने गलत लगाने पर एसडीएम पंधाना को असंचयी प्रभाव से वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों से चर्चा करें एवं उनकी समस्याएं सुने एवं दर्ज प्रकरणों का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के कुछ आवेदनों की समीक्षा की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को शाम तक निराकरण करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे महीने में 3 दिन ग्रामों में रात्रि विश्राम करें और ग्रामीणजनों की समस्याएं सुने और उनका निराकरण करवायें। साथ ही उन्होंने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की भी जानकारी ली और पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने ग्राम बीड़ में स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल निर्माण में अनियमितता संबंधी शिकायत की जानकारी ली और कार्य में गुणवत्ता नहीं होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्रीष्मकाल को देखते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल समस्या होने की संभावना हो वहां अभी से सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर लें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए और जहां है वहां तत्काल व्यवस्था करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से विद्यार्थियों का शिक्षा स्तर बढ़ाने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रारंभ होने वाले कार्यों की समीक्षा की और कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के बाद कार्य शीघ्र प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि सीडीपीओ आंगनवाड़ी केन्द्रों का सप्ताह में 3 दिन निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाएं देखें और जो कमियां पाई जाती है उन्हें दूरूस्त करवायें। कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक से बिना सूचना के एवं बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। साथ ही बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थित दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपस्थिति के आधार पर ही कर्मचारियों का वेतन आहरण किया जायें। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि वे साप्ताहिक दौरे का पालन प्रतिवेदन भी भेजना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने अपने कार्य को गंभीरता के साथ करें। बैठक में बताया कि 5 फरवरी से खरीदी के लिए पंजीयन का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि पंजीयन के दौरान सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने खाद्य अधिकारी से राशन वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में उन्होंने पी.एम. स्वनिधि योजना, संबंल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

---

### कचरे में मिलने पर हुआ था हंगामा

## सरकारी कॉलेज में लगाया गया सरस्वती जी का चित्र



**हरदा।** शासकीय कॉलेज में अभाविप द्वारा सरस्वती मां की तस्वीर भेंट की गई, जिसे लायबरी में लगाया गया। मालूम हो एक सप्ताह पहले स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में मां सरस्वती की तस्वीर को कचरे में रखे जाने की बात को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और कॉलेज प्रशासन आमने सामने हो गया था। विद्यार्थियों के हंगामे के बाद कालेज प्रशासन ने पुलिस को बुलाया था। वहीं आक्रोशित छात्रों को डिप्टी कलेक्टर संजीव कुमार नागू एवं पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया था।

शासकीय स्वामी विवेकानंद अग्रणी महाविद्यालय के अध्यक्ष जतिन चौहान ने बताया कि कॉलेज स्टाफ की लापरवाही से बीते दिनों विद्या की देवी सरस्वती के चित्र को कचरे में रखा पाया गया था। जिसको लेकर छात्रों ने धरना देकर प्रदर्शन किया था इस दौरान कॉलेज की महिला प्राध्यापक और प्रभारी प्राचार्य ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर गुंडागर्दी करने और अभद्रता करने का आरोप लगाया था। विद्यार्थी परिषद के महाविद्यालय अध्यक्ष जतिन चौहान ने बताया कि सोमवार को छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती के चित्र को कालेज के प्रशासकीय अधिकारी बीके बिछोतिया को सौंपकर लाइब्रेरी रूम में सम्मान लगवाई गई है।

जतिन चौहान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की समस्याओं को दूर करने की मांग की गई थी, लेकिन आठ दिनों के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। महाविद्यालय में सरस्वती की तस्वीर लगाने के दौरान फाल्गूनी काले, कनक उइके, कृतिका, शिल्पा, सोनाली, अभिषेक, भूपेंद्र तोमर, गौरव सहित अन्य अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## अनुभूति कार्यक्रम : कैमरा टेप के उपयोग व पगमार्ग ट्रेस करने के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर के अंतर्गत वन मंडल हरदा सामान की परिक्षेत्र बोरपानी सामान्य में प्रथम शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय नवीन हाई स्कूल कायदा के 126 विद्यार्थियों एवं 7 शिक्षक सहित कल 133 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन वन्य प्राणी एवं वृक्षों की पहचान प्रकृति पथ भ्रमण कर रोचक गतिविधियां कराई गई तथा जानकारी दी गई। प्रकृति पथ भ्रमण पर वन्य प्राणी गड़ना हेतु कैमरा टेप के उपयोग एवं पगमार्ग ट्रेस करने के बारे में बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान नवाचार के रूप में बगैर सिले कपड़े से थैला बनाने की विधि सिखाई गई। इसके बाद प्रतिभागियों को छोटे समूह में बाटकर पर्यावरण से संबंधित रोचक खेल फूड वेब, में कौन हूं अंतर्गत प्रतिभागियों को द्वारा बाघ तेंदुआ चीता आदि वन प्राणियों के बारे में पहचान की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा अनुभूति थीम मैं भी बाघ का गायन किया गया। सभी ने वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में अनुभूति प्रेरक रामविलास रघुवंशी, हरिओम सोलंकी, देवी सिंह बड़खडे, रवि सोलंकी द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी बोरपानी नीता शाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र बोरपानी सामान्य से बरजोर सिंह मधानी, वृन्दावन दायमा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## फरार आरोपी पर 5 हजार का इनाम घोषित

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा फरार आरोपी विनोद पाण्डे पिता जयनारायण पाण्डे निवासी ग्राम बिजुमउ लच्छीपुर रानीगज जिला प्रतापगढ़ (उ.प्र.) पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जो भी व्यक्ति इस फरार आरोपी को गिरफ्तार कराने में मदद करेगा या इसे गिरफ्तार कराने के लिए जरूरी सूचना देगा उसे यह पुरूस्कार दिया जायेगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक खण्डवा का होगा। इस आरोपी से संबंधित सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 7049138955 तथा 7049101036 पर दे सकते हैं।

दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति की बैठक हुई

## संगठन के कार्य को कैसे बढ़ाया जाए विषय से कराया अवगत

**हरदा।** वनवासी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ मप्र का दो दिवसीय प्रदेश कार्य समिति की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर टिमरनी में सम्पन्न हुई। इस प्रांतीय बैठक में अखिल भारतीय पदाधिकारी एवं प्रांतीय पदाधिकारी मध्यप्रदेश के जिलों के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ।



बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नर्मदा पुरम विभाग के विभाग कार्यवाह आनंद मजूमदार, जिला कार्यवाह गोविंद सिंह, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सोनी,वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राधू सिंह भाभर,राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष पंचम लाल ताराम, प्रदेश महामंत्री कैलाश चंद्र निनामा, प्रदेश कोषाध्यक्ष रघुनंदन रघुवंशी, डॉ विक्रम रघुवंशी। मुख्य रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गुर्जर ने संगठन और भारतीय मजदूर संघ के उद्देश्यों के विषय में बाहर से आए सभी अतिथियों को जानकारी दी साथ ही संगठन के कार्य को कैसा बढ़ाया जाए उस विषय से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में वनवासी कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ भाटी, प्रदेश मंत्री जितेंद्र सिंह उइके, नारायण सिंह मरावी हरदा जिला के जिला अध्यक्ष गणेश मसकोले, जिला महामंत्री हीरामन परतें, जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश धुर्वे भी उपस्थित रहे।

---

## वैश्य की सुरक्षा और उनके सम्मान के लिए संगठन सदैव तत्परः गुप्ता



**हरदा।** वैश्य समाज उन संगठनों, पार्टियों, प्रतिनिधियों को समर्थन करता रहेगा। जो वैश्य समाज के हितों की रक्षा करेगा। उक्त उद्गार वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई की प्रदेश कोर ग्रुप एवं प्रदेश कार्यसमिति बैठक में व्यक्त किए। गुप्ता ने कहा कि वैश्य बंधुओं की सुरक्षा ओर उनके सम्मान के लिए हमारा संगठन सदैव तत्पर है, यही हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। वैश्य महासम्मेलन आज ग्राम पंचायत स्तर तक सक्रिय होकर काम कर रहा है, इसे ओर मजबूत बनाने के लिए सभी को पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करना होगा। उक्त जानकारी देते हुए हरदा इकाई के जिलाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया की वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई की प्रदेश कोर ग्रुप एवं प्रदेश कार्यसमिति बैठक नर्मदापुरम संभाग के बैतूल की होटल आभाश्री में रविवार को आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं मप्र शासन के पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विकास डागा, प्रदेश महामंत्री भगवान दास अग्रवाल पिपरिया, नर्मदापुरम संभाग अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री अजीत सेठी, संभागीय प्रभारी आलोक गोयल की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विकास डागा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों से आव्हान करते हुए कहा कि वैश्य समाज की सुरक्षा के लिए युवा इकाई को अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। वैश्य बंधुओं की मुसीबत में हम यदि खड़े रहेंगे ओर साथ देंगे तभी हमारे संगठन की सार्थकता सिद्ध होगी। सभी युवा इकाई सक्रिय होकर काम करे ओर जिम्मेदारी से अपने दायित्व को निभाते हुए नये सदस्यों को जोड़ें।

## जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

### स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा आज से मनाया जाएगा

**खंडवा।** जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसे लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में सपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाएं, ताकि शासन की मंशानुरूप कुष्ठ मुक्ति का लक्ष्य हासिल किया जा सके।



बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत न बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा में कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को दूर करने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को गांव-गांव में कुष्ठ मुक्ति की अपील का वाचन कर लोगों को संकल्प दिलाया जाएगा। आशा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर संभावित कुष्ठ रोगियों का पता लगाएगी। इसी दौरान जिले में विभिन्न स्थानों पर चर्म रोग निदान शिविर लगाकर नये कुष्ठ रोगी खोजे जाएंगे। डॉ. जुगतावत ने बताया कि अभियान के दौरान जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा कि किसी भी कुष्ठ रोगी से न तो भेदभाव करें और न भेदभाव होने दें। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को शरीर के किसी स्थान पर शूनपन, गठान या त्वचा का रंग पीला पड़ रहा हो तो वह चर्मरोग निदान शिविर में अपनी जांच करवा लें और उचित इलाज करायें। बैठक में टॉस्क फोर्स सदस्य एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। पखवाड़े का शुभारंभ 30 जनवरी राष्ट्रपति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर जिला मुख्यालय पर कुष्ठ जनजागृति रैली से होगा। रैली प्रातः 9 बजे जिला चिकित्सालय परिसर से आयोजित होगी जो शहरी के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी।

---

### मेहरजा गांव की विकास योजनाओं का दोहन बनाम निधिवन

# पर्यटन के नाम पर फंक दी ग्राम विकास की रकम !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की गोगावां जनपद की ग्राम पंचायत मेहरजा में पंचायत निधि से निधिवन बनाकर सरकारी योजनाओं की राशि का बड़ा खेल कर दिया। खेल इसलिए कि ग्राम पंचायत में ग्राम के विकास के लिए सरकारी खजाने की रकम आती है, जिसे ग्राम में सड़क, नाली, तालाब, तलाई, जल स्तर बढ़ाने के लिए जल संरचना, पेयजल योजना के लिए खर्च किया जाना होता है। लेकिन जिला पंचायत ने खरगोन शहर से 8 किलोमीटर दूर पर्यटन स्थल बनाने के नाम पर ग्राम पंचायत मेहरजा की ग्राम विकास राशि दांव पर लगा दी। इस स्थान को पर्यटन स्थल बनाने से ग्राम का विकास होगा या नहीं, यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन बाजार में जनचर्चाओं का दौर जारी है।



लोगों की माने तो मेहरजा ग्राम पंचायत की सौ एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को पर्यटन स्थल बनाने के पीछे कथित इस्कॉन मंदिर (श्रीराधे गोपी मंदिर) की कालोनियों को कथित लाभ की मंशा रही, जो जिपं सीईओ को वृंदावन के वन विभाग के हरियाली पर्यटन प्रोजेक्ट को दिखा कर विभाग के साथ खुद की सीआर बढ़ाने के साथ मेहरजा पर्यटन स्थल बनाना दिखाया गया। जिला पंचायत के अफसरों ने सीआर बनाने के लिए मेहरजा ग्राम पंचायत की विकास राशि दांव पर लगा दी। जिसमें तत्कालीन कलेक्टर ने भी यही हित की मंशा से प्रोजेक्ट को हाथों हाथ लिया। लेकिन इस सबके पीछे सरकारी निधि के हेर फेर के खेल ने कई सवाल खड़े कर दिए। जिला पंचायत के नाम न छापने की शर्त पर बताने वाले सूत्रों की माने तो इस पर्यटन स्थल के निर्माण कार्यों के कुछ टेंडर हुए तो कुछ नहीं। ऐसे में सरकारी निधि का खेल निधिवन में साफ झलक रहा है। वहीं इस निधिवन में लग रही श्रीकृष्ण भगवान की मूर्ति को लेकर भी अटकलें है जो जनचर्चा में है। शुरुआती दौर में यहां 101 फीट की मूर्ति लगाने की खबरें तथाकथित मीडिया प्लेटफार्मो पर चली तो धीरे-धीरे यह 65 फीट पर आ गई जबकि हकीकत में यह मात्र 56 फीट की मूर्ति लगना है जो कि मूर्तिकार को पूर्ण भुगतान न मिलने पर अधूरी रखी है। इस मूर्ति को अन्य कारागीर ठेकेदार द्वारा लगाने पर मूर्तिकार राकेश कुशवाह ने शिकायत कर दी जिसके कारण अब फिलहाल काम रुक गया है। मूर्ति के भुगतान मामले में भी कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। श्रीकृष्ण मूर्ति जिला पंचायत या ग्राम पंचायत द्वारा नहीं लगाई जा रही बल्कि यह कथित इस्कॉन मंदिर प्रबंधन द्वारा दान दी जा रही है, जिसकी कीमत लगभग तीस लाख अड़सठ हजार रुपए है, लेकिन मंदिर प्रबंधन श्याम महाजन द्वारा कलेक्टर से मदद की मांग पर मूर्तिकार को रेडक्रॉस से साढ़े पांच लाख की प्रोत्साहन राशि देने के मामले यह खुलासा हुआ कि मंदिर प्रबंधन ने इसे सरकारी आंकड़ों में लगभग छत्तीस लाख रुपए बताए है।

**काम में खामी नहीं देखें**

यह प्रोजेक्ट शहर के लिए एक रमणीय पर्यटन स्थल बनाने का है, इसकी खामियों के बजाय अच्छाई देखें। अब यह देखने समझने वाली बात है कि सरकारी निधि की हेरफेर पर भी क्या अच्छाई ही है।

**शिवराज वर्मा,** तत्कालीन कलेक्टर खरगोन।

**सार्वजनिक प्रयोजन है**

मुझे लगता है कि निधिवन बनाकर कोई गलत काम नहीं किया जा रहा है। यह एक सार्वजनिक प्रयोजन है, जिससे वहां चहल पहल बड़ी है।

**पुरुषोत्तम पाटीदार**
प्रभारी सीईओ जिला पंचायत खरगोन।

## तिल चतुर्थी पर सिद्धि विनायक मंदिर में दिनभर चला अनुष्ठान



**खरगोन।** माघ मास की तिल चतुर्थी पर सोमवार को शहर के कुंदा तट स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में पंडितों ने 1001 अर्थवशीर्ष पाठ से अभिषेक किया। सुबह श्रृंगार कर आरती की गई। विशेष दिन के चलते श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। गणेशजी की तिल पूजा बाद भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने तिल-गुड़, मोदक का भोग लगाया। पंडित पंडित प्रणय भट्ट, रितेश जोशी, हरिनारायण शास्त्री, आशीष भट्ट ने बताया पंचांग अनुसार संकष्टी चतुर्थी इसे तिल चतुर्थी और संकट चौथ भी कहा जाता है। वैसे तो हर माह की कृष्ण पक्ष चतुर्थी गणेश चतुर्थी कहलाती है लेकिन माघ मास की चतुर्थी तिल संकटा चौथ कहलाती है। इसे खास इसलिए माना जाता है, क्योंकि पद्मपुराण के मुताबिक इस व्रत को स्वयं भगवान गणेश ने मां पार्वती को बताया था।

पद्म पुराण के मुताबिक इस तिथि पर कार्तिकेय के साथ पृथ्वी की परिक्रमा लगाने की प्रतिस्पर्धा में भगवान गणेश ने पृथ्वी की बजाय भगवान शिव-पार्वती की सात बार परिक्रमा की थी, तब शिवजी ने प्रसन्न होकर देवताओं में प्रमुख मानते हुए उनको प्रथम पूजा का अधिकार दिया था।